




**खबर संक्षेप**

### पाइप लाइन की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन कार्यों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता बरकरार रखते हुए तय समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइप लाईन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि अगर कार्य में किसी भी प्रकार के बाधा व्यवधान आ रही है, तो उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को अवगत कराएं। जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा जिन एजेंसियों के कार्यों में लापरवाही है, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ठेकेदारों से गांवों में पानी के भूजल स्तर और जल स्त्रोत की उपलब्धता और सूखापन, बिजली की व्यवस्था, ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं उससे जुड़ी समस्याए टंकी स्थापना, टंकी में पानी की पहुंच, पम्प स्थापना, घरों तक पाइपलाइन बिछाना, सीमेंटेड टंकी निर्माण, दूरस्थ गांवों में विद्युतीकरण के बारे में जानकारी ली और समय अवधि तक प्रस्तावित कार्यों को पूरा करने के लिए कहाए साथ ही कार्यों को मानिटरिंग अच्छे से करने के निर्देश दिए।

### मौखिक स्वच्छता पर जागरुकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** रायगढ़ कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वीके चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सभी विकासखंडों में 20 मार्च को विश्व मौखिक दिवस मनाया गया। विश्व मौखिक दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है जो मौखिक स्वच्छता, इसके महत्तव और मौखिक रोगों में योगदान देने वाले कारको के बारे में जागरूकता बढ़ाने के हर साल मनाया जाना इसका उद्देश्य है। मौखिक स्वास्थ्य मुंहए दांतो और ओरेफेशियल संरचनाओं की स्थिति है। जो व्यक्तियों को बोलनेए सांस लेने और खाने जैसे आवश्यक कार्य करने में सक्षम बनाती है। विभिन्न परिवर्तनीय जोखिम कारक, जैसे कि चीनी से भरपूर भोजन का सेवन, खराब मौखिक स्वच्छता, तंबाकू और शराब का उपयोग मौखिक विकारों को जन्म देते है हार्मोनल बदलाव के कारण गर्भवती महिलाओ में मसूड़ो में प्लाक बनने का खतरा अधिक होता है। विभिन्न मौखिक रोगो में दंत क्षय दांतो की सड़न सबसे आम है। इसके अलावा दंत कैंसर, दातो का गिरना, ओरोडेंटल आघात दांत, मुंह और मौखिक गुहा में चोट के कारण दर्द, पेरियोडेंटल रोग, मसूड़ो के उतको का संक्रमण और सूजन इसलिए इस बारें में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना है। यह लोगो को अच्छा मौखिक स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए आवश्यक जानकारी, संसाधन और आत्म आश्वासन प्रदान करने पर भी जोर देता हैं। इस दिवस के दिन समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौखिक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरो और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को भी समुदायों की सेवा करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। दांत सड़न के बारें में शिक्षा फ्लॉस और माउथवॉश के उपयोग के बारें में निर्देश दंत प्रत्यारोपण के उपयोग के लाभ दंत कैंसर जांच कराने का महत्तव के बारें में जानकारी देकर इस दिवस को मनाया गया।

### महिलाओं ने होली थीम पर निकाली जागरुकता रैली

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ विकासखंड क्षेत्र में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिलाओं द्वारा आगामी होली त्यौहार के अवसर पर होली के रंग मतदान के संगथीम पर होली मिलन का आयोजन किया गया एवं शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के थीम चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम आधारित रंगोली बनाया गया।

## केजीएच व एमसीएच में अब तक नहीं लगाए बारकोड

# जिले में 5 माह पहले हुई ई-हॉस्पिटल की शुरूआत, किंतु मरीजों से दूर हैं सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

1 नवंबर से ही जिला अस्पताल व एमसीएच में ई हॉस्पिटल की शुरुआत हो गई है। इसमें तहत सॉफ्टवेयर में बदलाव होने के साथ ही सहित समस्त कर्मचारियों को बेहतर संचालन के लिए ट्रेनिंग भी दी गई है। किंतु अब तक बार कोड से जुड़ी प्रक्रियाएं पूरी होने की वजह से जमीनी स्तर पर मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी अस्पताल में मरीजों को लंबी कतारों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल ई हॉस्पिटल से जुड़ने के बादे पंजीयन से लेकर सारे काम ऑनलाइन किया जा सके। फिर भी मरीज पहले की तरह लाइन में लगकर पर्ची कटाने को मजबूर हैं। ई.हॉस्पिटल बड़े अस्पतालों की तर्ज पर मरीजों को बार बार पंजीयन कराने से निजात मिलने की बात कहीं जा रही थी। वहीं अधिकतर मरीजों को इसके बारे में जागरूक भी नहीं किया गया है, जिसकी वजह से इसकी जानकारी अधिकतर मरीजों नहीं है। राज्य के अधिकांश अस्पतालों को ई हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया गया है।




**मरीजों को ऐसे मिलेगा लाभ**

ई हॉस्पिटल से जुड़ने से मरीजों के इलाज जांच की पूरी डिटेल ऑनलाइन उपलब्ध होगी। हेल्थकेयर सर्विस देने वाले संस्थानों तक मरीज की पहुंच भी आसान होगी। एनआईसी दिल्ली द्वारा साफ्टवेयर को डेवलप किया गया है। पहले चरण में ओपीडी, आईपीडी, बिलिंग ऑनलाइन हो रही है। ई हॉस्पिटल में सॉफ्टवेयर अपलोड होने के बाद लोगों को सुविधा शुरू हो जाएगी। पर्ची कटने के बाद आईडी व कोड जनरेट होगा। इसके आधार पर मरीज अपना इलाज करवा सकेगा।

**नाम मात्र की ई सुविधा**

अभी तक जिला अस्पताल में कंप्यूटरीकृत सुविधा के नाम पर मरीजों का सिर्फ पंजीयन हो रहा है। इसके अलावा अन्य जांच के लिए मरीज लाइन में लगे रहे हैं। ई हॉस्पिटल के संचालन से सारे काम कंप्यूटरीकृत होने के साथ ही ऑनलाइन होने की बात कहीं गई थी, लेकिन अब भी पहले जैसे ही काम हो रहा है। हालांकि सारे रिकार्ड अन्य अस्पतालों तक पहुंच रहे हैं।

**एमसीएच में हाई स्पीड नेटवर्क नहीं**

जानकारी के अनुसार इसके लिए हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा अनिवार्य हैं, इसके बिना इस कार्य के लिए काफी दिक्कत होगी। वहीं जानकारी के अनुसार एमसीएच में हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा का अभाव हैं। ऐसे में पहले इसकी दरकार होगी। यही वजह है कि पहले इसे दुरुस्त किया जाएगा।

**घर बैठे बार कोड से कटेगी पर्ची**

ई हॉस्पिटल के संचालन से मरीजों को घर बैठे बार कोड से ओपीडी और आईपीडी पर्ची कटवा सकेंगे। यानि हॉस्पिटल के बार कोड से घर से ही नाम, पता, उम्र के साथ बीमारी का बारे से जानकारी भर सकते हैं। इससे एक नंबर मिलेगा, जिसे हॉस्पिटल में दिखाने पर कम समय पर ही पर्ची मिलेगी। लोगों को रजिस्ट्रेशन के लिए अस्पताल की आवश्यकता आने की भी जरूरत नहीं होगी। वे अस्पताल की वेबसाइट पर जाकर ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे



## बलवा व हत्या के प्रयास के मामले में अपचारी सहित पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदनी चौक निवासी युवक के साथ मारपीट व बलवा तथा हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना कोतवाली में 27 नवंबर 2023 को श्रीमती गीताबाई सारथी निवासी चांदनी चौक द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 नवंबर के सुबह उसके पुत्र सचिन सारथी के साथ मधुबन पारा में रहने वाले उसके लड़के समीर उरांव और उसके साथियों द्वारा मधुबनपारा के पूरी बगीचा के पास झगड़ा मारपीट कर रहे थे, जिसकी पाकर सचिन के पिता हेमलाल सारथी को पूरी बगीचा भेजी, जहां उन लडकों में एक लडके के पिता राजू उरांव द्वारा हेमलाल सारथी के साथ गाली गलौज कर मारपीट किये। मारपीट में घायल हुए सचिन सारथी और उसके पिता हेमलाल सारथी का अस्पताल में इलाज कराये। थाना में मारपीट की रिपोर्ट पर आरोपी समीर उरांव एवं उसके साथियों पर नामजद मारपीट की धारों पर अपराध कायम किया गया था। घायल सचिन को आयी गंभीर चोटों पर उसे रायपुर रिफर किया गया था, प्रकरण की विवेचना दरम्यान प्रकरण में धारा 307 जोड़ कर एक आरोपी को 5 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक कर भेजा गया था, शेष आरोपी फरार थे। इस मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार पांच आरोपी समीर उरांव पिता नवीन उरांव 18 साल, राजू उरांव पिता सोनऊ उरांव 47 साल, शंकर उरांव पिता चैनलाल उरांव 36 साल फोक्स उर्फ प्रकाश उरांव पिता बरातु उरांव 26 साल सभी निवासी मधुबन पारा, अपचारी बालक को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

# नगर निगम की डाग हाउस योजना फाइलों में तोड़ रही दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर का ऐसा कोई मोहल्ला या गली नहीं है, जहां आवारा कुत्ते न हो। शहर के सड़कों से लेकर छोटे से छोटे गली मोहल्ले में इनका आतंक चल रहा है। जो हर दिन हर मोहल्ले गली में किसी न किसी को काटते जरुर है। लगातार इनका आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार नगर निगम इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है, जिसकी वजह से डाग बाइट के मामले बढ़ने के साथ ही इनकी संख्या में तेज गति से बढ़ते ही जा रही है। शहर में दिन ब दिन अब आवारा कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है। कहीं आवारा कुत्ते बच्चों को अपना निशाना बनाते हैंए तो कभी वह वाहन से जाने वालों पर हमला कर देते हैं। हालत यह है कि आवारा कुत्तों के आतंक को देखते हुए लोग गलियों से निकलना कम कर रहे हैं। शहर में कई स्थानों पर अक्सर आवारा कुत्तों के झुंडों को बैठे देखा जा सकता है। आलम यह है कि आवारा कुत्तों से परेशान होकर लोग सुबह व देर रात को घरों से निकलने से भी कतराने लगे हैं। बस स्टैंड, अस्पताल, बाजार आदि के बीचो बीच आवारा कुत्तों की भरमार है। ये आवारा कुत्ते अक्सर आने जाने वाले लोगों पर झपट पड़ते हैं कई बार ये आवारा कुत्ते एक दूसरे कुत्ते से लड़ते.लड़ते बीच सड़क में भी आ जाते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों का इनमें उलझकर गिरने का खतरा बना रहता है। कई बार ये लोगों की बाइक या कार के पीछे भागते हैं। शहर में रोजाना बाग बाईट के मामले भी सामने आए रहे हैं। लगातार बढ़ रहे कुत्तों के हमले को लेकर लोगों का यह कहना है कि मांस मटन की दुकानें इसका बड़ा कारण है। इन दुकानों के संचालकों द्वारा दुकान से निकले अपशिष्ट को जहां तहां फेंक दिया जाता है। अपशिष्ट को लेकर कुत्तों में लड़ाईया होती रहती है और यह आक्रमक रवैया अपनाने लगते है और धीरे-धीरे इनका आक्रमक रवैया लोगों के खिलाफ में भी देखने को मिलता है। इस सबके बावजूद भी निगम इन कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठा रहा। यूं शहर के अंदर ऐसी कोई गली और मोहल्ला नहीं जहां आवारा कुत्तों का आतंक न हो। शाम ढलने के बाद शहर के गली मोहल्लों में पैदल या दुपहिया पर निकलना खतरे से खाली नहीं। दोपहर में भी ये कुत्ते बच्चों को निशाना बनाने से नहीं चूकते। इसके बावजूद नगर निगम ना तो आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने बधियाकरण कर रहा है और ना ही अपनी बाग हाउस योजना को धरातल पर उतार सका है। घर-घर कचरा संग्रहण के कारण आवारा स्वानों को भोजन भी नहीं मिल रहा, जिससे उनकी आक्रमकता दिन ब दिन बढ रही है। शहर के विभिन्न सड़कों और मोहल्लों में इन कुत्तों का खौफ इस कदर छाया हुआ है कि लोग रात तो रात दिन में भी इनके झुंड को देखकर रास्ता बदल लेते हैं।

### टिकट रद्द करने फेक नंबर से कॉल, ठगी

**रायगढ़।** रेलवे टिकट कैंसिल करने गूगल पर दिए फेक कस्टमर केयर नंबर पर कॉल कर हुआ ठगी का शिकारए थाना कोतवाली में अपराध दर्ज 20 मार्च को जवाहर नगर रामभाठा रायगढ़ में रहने वाले ललित किशोर बारा उम्र 56 वर्ष द्वारा थाना कोतवाली में ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 3 मार्च को उन्होंने रेलवे टिकट कैंसिलेशन के लिए गुगल पर रेलवे साइट सर्च किया जिसमें दिख रहे। मोबाईल पर टिकट कैन्सिलेशन के बारे में बात किया। कॉलर ने टिकट कैंसिल करने के लिए ललित बारा के वाट्सअप पर लिंक भेजा जिसे क्लीक करने पर नेट बैंकिग साईट ओपन हो गया। ललित बारा ने उसमें अपना आईडी पासवर्ड डाला फिर दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे के मध्य उनके मोबाइल पर मैसेज आने लगे। कुछ गडबडी की अंदेशा पर ललित बारा बैंक जाकर मैनेजर से मिले और अपना खाता होल्ड कराने आवेदन दिये जिसके बाद पता चला कि इनके खाते से 9,99,439 तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के द्वारा कट गये है।

## सीमा पर अवैध परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर हो निगरानी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने इनफोर्समेंट एजेंसी की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, डीएफओ, अपर कलेक्टर शैलभ कुमार साहू, एसडीएम वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, एसडीएम डा. स्निग्धा तिवारी, स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, जिला कोषालय अधिकारी, चंद्रपाल सिंह ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, खनिज अधिकारी, एचडी भारद्वाज, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, आरटीओ अधिकारी, लीड बैंक प्रभारी अधिकारी सुरेश दामके उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन कराना प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अंतर्राज्यीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, शराब की तस्करी, नगद राशियों की आवाजाही, बिना विधिमान्य, वाउचर एवं बिना जीएसटी भुगतान के सामग्रियों का परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। इस दौरान आयकर अधिकारी अमरीश कुमार ने चेकपोस्ट पर काम रहे जांच दलों एसएसटी और एफएसटी की टीम को आचार संहिता के दौरान अवैध कैश मोबिलाइजेशन को रोकने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए।

उन्होंने चेकिंग के दौरान अलग-अलग वस्तुओं पर लगने वाले कर के निर्धारण के संबंध में जानकारी दी। इसके पश्चात कलेक्टर श्री साहू ने बताया कि आचार संहित के दौरान जो कानून हैंए उसी के आधार पर अलग-अलग प्रकरणों पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा उपस्थित सभी बैंक प्रतिनिधियों से अकाउंट में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन एवं संदेहास्पद लेनेदेन पर ध्यान रखने कहा एवं रिपोर्ट लीड बैंक मैनेजर को देने को कहाए ताकि उसकी जांच की जा सके। उन्होंने ट्रांजेक्शन पर इनकम टैक्स को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैंक के कैश वाहनों के बिना रूकावट परिवहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित क्यूआर जनरेट कर लगवाने के निर्देश दिए। जिसमें सोर्स एवं डेस्टिनेशन जैसे जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सभी बैंकों को इस पर तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री साहू ने अवैध शराब, ड्रग्स, कैश एवं राशन पर संबंधित विभागों को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सीएमएचओ ने ली अधिकारियों की बैठक

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वीके चंदवंशी के मार्गदर्शन में गुरुवार में स्थानीय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्य सभाकक्ष में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम में उपलब्धि लाने हेतु सभी सेक्टर इंचार्ज डॉक्टर, जिला नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा की।



जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। गर्भवती माताओं में सिकेल सेल व एनीमिया की समस्या बहुतायत पायी जा रही है जिसे पूर्ण करने हेतु संतुलित पोषण आहार, आयरन की टेबलेट, खान पान में जरूरी देखभाल, समय समय पर सही जांच किये जाने हेतु निर्देश दिया गया जिससे गर्भवती महिला सही समय पर जाँच व देखभाल से माँ और बच्चे दोनो को स्वस्थ रखा जा सकें। एनीमिया से केवल गर्भवती माता व किशोरियों को भी स्वस्थ रखा जा सकें। साथ ही जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा 0 से 5 वर्ष व छूटे हुये बच्चों को टीकाकृत करने के लिए निर्देशित किया गया। समस्त कार्यक्रम के ऑन लाइन पोर्टल में एण्ट्री करने हेतु निर्देश दिया गया। टीम निरीक्षण कर स्वास्थ्य में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओ की उपलब्धता की जानकारी लेने, एक्सपायरी दवाईयो का निष्पादन व अनुप्रयोगी उपकरण सामग्रियों का अपलेखन करने, अभिलेखो का उचित संधारण करने का निर्देश दिया गया। समस्त चिकित्सक अधिकारी-कर्मचारी को मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य संपादन करने हेतु निर्देश दिया गया।

## फागुन एकादशी पर निकली निशान यात्रा, उड़े गुलाल

**रायगढ़।** फाल्गुन एकादशी पर श्री श्याम दीवाने रायगढ़ द्वारा भव्य निशान यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। निशान यात्रा श्री राम मंदिर गांधी गंज से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चौक.चौराहों से होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची। निशान यहां पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते हुए श्री श्याम प्रभु के चरणों में निशान अर्पित किए। गाजे बाजे के साथ निकले निशान यात्रा में भक्तों द्वारा श्याम बाबा के जयकारे लगाए जा रहे थे। तो हर कोई श्याम बाबा के भक्ति में डूबा दिखा। और हर श्याम भक्त हाथ में निशान थामे श्याम प्रभु की में झूमते चल रहे थे। बता दें कि श्री श्याम दीवाने रायगढ़ की ओर से पिछले 4 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। निशान यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम का गुणगान करते हुए जमकर अबीर और गुलाल उड़ाया।



निशान यात्रा में युवा वर्ग ने एक.दूसरे पर गुलाल उड़ा कर खूब होली खेली। जिससे नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। बाबा का दरबार घोड़े की बग्गी में सजाया गया था। इस निशान यात्रा में जगह फूलों की वर्षा की गई। वहीं विभिन्न चौक चौराहों में भव्य स्वागत किया गया। इस वर्ष निशान यात्रा में नृत्य नाटिका आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें भी भक्तों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाकर होली खेली।

**आरपीएफ पोस्ट पर बन रहा मॉनिटरिंग रुम**

# लग रहे हाईटैक कैमरे, तीसरी आंख से बढ़ेगी पहरेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन में अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रेलवे द्वारा पूर्व में 9 सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, लेकिन पुराना होने के साथ उक्त कैमरे में बार-बार खराबी आ रही थी। वहीं यह कैमरे पूरा स्टेशन के लिए पर्याप्त भी नहीं था। इसको लेकर एक साल पहले अमृत भारत स्टेशन के तहत रायगढ़ स्टेशन के लिए 30 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाने की स्वीकृति मिली। इसके बाद एक साल पहले काम शुरू किया गया था, लेकिन किसी कारणवश आधे में ही काम बंद हो गया था। इससे पुराने कैमरे से निगरानी हो रही थी। अब एक बार फिर से कैमरे लगाने का काम शुरू हो किया गया है।



मौजूदा समय में प्लेटफार्म व टिकट काउंटर सहित अन्य जगहों में वायरिंग का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं तीन.चार जगह कैमरे लग भी गए हैं। हालांकि अभी चालू नहीं हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन में 30 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों की गतिविधियों पर पूरी नजर रहेगी। रेलवे स्टेशन में सीसी टीवी कैमरे लगाने का काम विगत एक साल पहले शुरू हुई थी। कुछ दिनों तक वायरिंग का काम हुआ। इसके बाद तकनीकी दिक्कतों के चलते बंद हो गया था। जिससे पुराने कैमरे से निगरानी हो रही थीए लेकिन हमेशा किसी न किसी कारणवश कैमरे बंद हो जाने से जांच में भी समस्या आ रही थी। अब फिर से काम शुरू होने के बाद उम्मीद है कि इस माह के अंत तक नए कैमरे चालू हो जाएगा। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के लिए विगत एक साल पहले से हाईटेक सीसी टीवी कैमरे लगाने का काम शुरू हुआ थाए लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते काम बंद हो गया थाए अब एक बार फिर से कैमरे लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं कंट्रोल रूम भी तैयार किया जा रहा है। जहां कैमरे में रिकार्ड हुए डाटा को सेव कर रखा जाएगा। रेलवे स्टेशन में फिलहाल 9 कैमरे चल रहे हैं। जो पुराना होने के कारण सही ढंग से काम नहीं करते है। ऐसे में नए कैमरे लगने के बाद पुराने को बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में बिलासपुर छोर की तरफ अभी चार कैमरे लग चुके हैं, ऐसे में बताया जा रहा है कि बहुत जल्द नए कैमरे शुरू हो जाएंगे, जिससे अपराधिक तत्व के लोग इसकी नजर से बचकर नहीं निकल पाएंगे। नए कैमरे लगाने के साथ.साथ उसका डाटा सेव रखने के लिए आरपीएफ पोस्ट में एक कंट्रोल रूम तैयार किया जा रहा है। जहां बड़ी-बड़ी दो एलईडी के साथ साथ डाटा सेव रखने के लिए सर्वर तैयार हो रहा है। इसमें सभी कैमरों की डाटा रहेगा।

### 13 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** ग्राम गोढ़ी, आमाघाट, झिंगोल की ओर अपराध विवेचना, शिकायत जांच के लिए रवाना हुए तमनार थाने के स्टाफ द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गोढी आंगनबाड़ी के पास 'संजय सिंह सिदार पिता स्वर्गीय निलबोध सिंह सिदार उम्र 43 साल निवासी गोढी, थाना तमनार को थैले में पांच लीटर की जरकिन एवं एक-एक लीटर वाले पानी बोतल एवं कोल्ड ड्रिंक बॉटल में महुआ शराब लेकर जाते पकड़े। संजय सिंह सिदार महुआ शराब अवैध बिक्री के लिए लेकर जाना बताया जिसके पास से कुल 13 लीटर महुआ शराब विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी संजय सिंह के कृत्य पर थाना तमनार में धारा 34,2,59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

